भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2529

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महात्मा विदुर कुटीर का विकास

2529. श्री चंदन चौहानः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद बिजनौर जिले के ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से महत्वपूर्ण 'महात्मा विदुर कुटीर' में आवश्यक पर्यटन बुनियादी ढांचे की कमी है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान महात्मा विदुर कुटीर के विकास के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित और उपयोग की गई धनराशि कितनी है;

(ग) क्या सरकार महात्मा विदुर कुटीर को एक प्रमुख आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए किसी विशेष परियोजना या योजना पर विचार कर रही है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): बिजनौर जिले में महात्मा विदुर कुटीर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के स्थानों सहित पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना एवं सुविधाओं की पहचान और उनका विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) और तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) जैसी अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

वर्तमान में, बिजनौर जिले में महात्मा विदुर कुटीर के विकास के लिए कोई विशिष्ट प्रस्ताव मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

तथापि, पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत् प्रक्रिया है। पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने संबंधी प्रस्ताव संबंधित राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा तैयार किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति एवं निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

उत्तर प्रदेश राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्री चंदन चौहान द्वारा महात्मा विदुर कुटीर के विकास के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2529 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में

विवरण

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) और तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम/स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
क	**स्वदेश दर्शन योजना**	
i.	श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु में बुद्धिस्ट परिपथ का विकास (सितम्बर 2016)	87.89
ii.	रामायण परिपथ के तहत चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास (अक्टूबर 2021)	69.45
iii.	उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर- बस्ती- आहर - कासगंज - अलीगढ़ - सरोसी - प्रतापगढ़-उन्नाव- कौशांबी - गोरखपुर - मिर्जापुर- कैराना- डुमरियागंज -बागपत- बाराबंकी आजमगढ़-में आध्यात्मिक परिपथ का विकास (नवम्बर 2016)	71.91
iv.	उत्तर प्रदेश में बिजनौर -बांदा - कानपुर देहात - कानपुर-मेरठ- -अलीगढ़-अम्बेडकर नगर - बलिया - घोसी -सलेमपुर-गाजीपुर देवरिय-फतेहपुरा भदोही - मिश्रिख - चंदौली - सोनभद्र -महोबा-में आध्यात्मिक परिपथ का विकास (दिसम्बर 2016)	67.51
v.	कालिंजर किला संत) मगहरधाम - (बांदा) कबीर नगर - (चौरीचौरा, शहीद स्थल महुअर - (फतेहपुर)स्थल शहीद - (घोसी) (मेरठ) स्मारक विरासत परिपथ का विकास (दिसम्बर 2016)	36.65
vi.	रामायण परिपथ के तहत अयोध्या का विकास (सितम्बर 2017)	127.21
vii.	जेवर खुर्जा - नोएडा - सिकंदराबाद - दादरी – बांदा में आध्यात्मिक परिपथ का विकास (जुलाई 2018)	12.03
viii.	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर और (बलरामपुर) (डुमरियागंज) वटवाशनी मंदिरमें आध्यात्मिक परिपथ का	18.30

	विकास (जनवरी 2019)	
ix.	उत्तर प्रदेश और बिहार में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (जून 2018)	17.50
ख	**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना**	
i.	वैदिक वेलनेस अनुभव -, नैमिषारण्य, उत्तर प्रदेश (मार्च 2024)	17.80
ii.	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव (मार्च 2024)	14.52
ग	**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना**	
i.	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास (मार्च 2025)	24.98
घ	**तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना**	
i.	वाराणसी का विकास ।-चरण - (मार्च 2016, मार्च 2023 में संशोधित)	18.73
ii.	मथुरा वृंदावन का-मेगा पर्यटक परिपथ -चरण)II) के रूप में विकास (मार्च 2015, अक्टूबर 2022 में संशोधित)	10.98
iii.	गंगा वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन ,(नवम्बर 2017, अक्टूबर 2022 में संशोधित)	9.02
iv.	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण (मार्च 2015, दिसम्बर 2019 में संशोधित)	9.36
v.	वाराणसी का विकास चरण ।। - (फरवरी 2018, दिसम्बर 2018)	44.60
vi.	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास (जनवरी 2019, जनवरी 2024 में संशोधित)	37.59

******